डीपीएस आजादनगर व सर पदमपत सिंहानिया फाइनल में

जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में उतरे पांच सौ खिलाड़ी

द स्पोर्ट्स हब में आयोजित टेबिल टेनिस टूर्नामेंट में खेलतीं प्रतिभागी खिलाड़ी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

कानपुर। द स्पोट्र्स हब टेबल टेनिस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सर पदमपत सिंहानिया स्कूल व डीपीएस आजादनगर की टीम सीनियर बालिका वर्ग में फाइनल में प्रवेश कर गई। शुक्रवार से शुरू हुई प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों में पांच सौ खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

सेमीफाइनल मैच में सर पदमपत सिंहानिया ने जय नारायण विद्या मंदिर को 30-0 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में डीपीएस आजादनगर ने केके गर्ल्स कॉलेज की टीम को 3-0 से हराया। मुख्य अतिथि आईआईटी के निदेशक अभय करंदीकर, मंडलायुक्त डॉ. राजशेखर ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। 22 जनवरी तक प्रतियोगिता चलेगी।

हर वर्ग में प्रथम स्थान पर आने वाले को पांच हजार, द्वितीय स्थान वाले को तीन हजार व तृतीय स्थान पर आने वाले को दो हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। इस मौके पर जिलाधिकारी विशाख जी, महेंद्र मोहन गुप्ता, पीयूष अग्रवाल, संजीव पाठक आदि मौजूद रहे।